पूर्व में बसों पर हो रही सख्ती, पश्चिम में पहले दी जा रही समझाइश

▶ एक ही शहर में दो तरह से चल रही ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. त्यौहारों को देखते हुए शहर में चलाए जा रहे अभियान में ट्रैफिक पुलिस की दो तस्वीरें नजर आ रही है. पूर्वी क्षेत्र में जहां बस ऑपरेटरों की बसों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वहीं पश्चिम क्षेत्र में ऑपरेटरों को बुलाकर समझाइश दी और दिशा-निर्देश के नोटिस थमाए जा रहे है, ट्रैफिक पुलिस का दोनों जोन में समान लक्ष्य यातायात व्यवस्था सुधारना है, पर तरीका जुदा है.

यातायात पुलिस के पश्चिम क्षेत्र ने गुरुवार को गंगवाल बस स्टैंड पर निजी बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर उन्हें चेताया कि अब नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार कौल ने संचालकों से कहा कि सभी बसें रूट परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र के साथ ही चलें. किसी भी बस में दस्तावेज अधूरे पाए गए तो वाहन जब्त किया जाएगा. कौल ने सभी ऑपरेटरों को अपने चालकों का चरित्र सत्यापन कराने और ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस जैसे दस्तावेजों की जांच पूरी करने के निर्देश दिए. उन्होंने यह भी कहा कि बसें तय रूट पर ही चलें और अनाधिकृत स्टॉपेज या बीच रास्ते पर यात्रियों को न बिठाएं. पुलिस अब प्रमुख स्टॉपेजों पर नियमित चेकिंग करेगी. जबकि शहर के पूर्वी हिस्से में पुलिस ने एक दिन में बस ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई की. शिवाजी वाटिका चौराहा पर यातायात विभाग की टीम ने 15 से अधिक बसों की जांच की और 11 बसों पर चालान बनाए. एसीपी जोन-3 हिंदू सिंह मूवेल के अनुसार, चार बसों पर रजिस्ट्रेशन शर्तों का उल्लंघन और सात में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई. इससे पहले तीन इमली क्षेत्र में भंवरकुआं पुलिस के साथ संयुक्त जांच अभियान भी चलाया था. ट्रैफिक पुलिस ने शहर में नो-एंट्री लागू रहने के बावजूद घुस आए 24 भारी वाहनों के चालान बनाए हैं. इनमें अधिकतर वाहन अन्य राज्यों से आने वाले ट्रक थे, जिन्हें नो-एंट्री की जानकारी नहीं थी. पुलिस ने बताया कि सुबह 6 से रात 11 बजे तक शहर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर विशेष टीमों की तैनाती की गई है. ये टीमें चालानी कार्रवाई के साथ ही ड्राइवरों को नो-एंट्री नियमों की जानकारी भी दे रही हैं. अधिकारी मानते हैं कि पश्चिम जोन में संवाद के जरिए सुधार की कोशिश की जा रही है, जबकि पूर्वी क्षेत्र में सीधी कार्रवाई से अनुशासन लागू करने की रणनीति अपनाई गई है. दोनों जोन का उद्देश्य एक ही है सड़क पर नियमों की अवहेलना अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी.

बंगाली से कनाड़िया तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

इस बीच, एसीपी जोन-2 मनोज खत्री ने नगर निगम के सहयोग से बंगाली से कनाड़िया मार्ग तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण हटवाए. कई दुकानदारों ने अपना सामान फुटपाथ और सड़क तक फैला रखा था, जिससे वाहन पार्किंग और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही थी. टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि अगर दोबारा सड़क पर सामान रखा गया, तो उसे जब्त किया जाएगा.

एक नजर में

बिना लाइसेंस पटाखे बेचते दो भाई गिरफ्तार

इंदौर. दीपावली से पहले पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है. बाणगंगा थाना पुलिस ने देर रात दो भाइयों को बिना लाइसेंस के बड़े पैमाने पर पटाखे बेचते हुए पकड़ा है. आरोपियों के कब्जे से करीब 60 हजार मूल्य के पटाखे जब्त किए हैं. बाणगंगा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक कमल किशोर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम 47 वर्षीय मनोज पटेल और 40 वर्षीय राधेश्याम पटेल है. दोनों कुमारखाड़ी बाणगंगा, इंदौर के निवासी हैं. पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों बिना अनुमति के अपने घर के पास बड़े पैमाने पर पटाखे बेच रहे हैं. छापे के दौरान पुलिस ने गोल्डन नाइट, मुफासा, बबल पार्टी, सद्दाम ग्रीन एटम बम, व्हीआईपी, बुलेट बॉम्ब, किंग ऑरिजिनल, आरके फेस्टिवल, अशोका, चंदा स्पार्कल, ट्विन स्पिन जैसे कई ब्रांड्स के सैकड़ों पैकेट पटाखे बरामद किए. इनमें अनार, बम, लड़ी, फुलझड़ी और चकरी सहित अन्य प्रकार के पटाखे शामिल हैं. पुलिस ने दोनों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और 163 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया है. अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी.

दो महिलाओं को दहेज के लिए सताया

इंदौर. महिला थाना और सांवेर थाना क्षेत्रों में दहेज प्रताड़ना के गंभीर मामले सामने आए हैं. पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला खजराना थाना क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय आलिया नाज का है, उसने शिकायत की कि ससुराल वाले समीर, शमीम, शाहिद उर्फ कालु, सलीना और शोएब कुरैशी ने उसे दहेज की मांग को लेकर लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. आरोपियों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी. यह घटना जफर किराना के पीछे, अशरफ नगर, खजराना में हुई. इसी तरह दूसरा मामला सांवेर थाना क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय मनीषा की शिकायत पर सामने आया. इसमें मनीषा ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति दिलीप उर्फ राजा कपूर और परिवार के अन्य सदस्य रामकन्या बाई, रोहित, अर्चना, घनश्याम कपूर ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. घटना उनके ससुराल मालवीय मोहल्ला, ग्राम दतोदा, सिमरोल में हुई. महिला थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़िताओं की सुरक्षा के लिए तुरंत कार्रवाई की जा रही है.

संवेदना स्पेशल स्कूल महू ने मनाया स्थापना दिवस

महू. संवेदना स्कूल महू ने अपना 20वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया. स्थापना दिवस पर बच्चों ने 51 आकर्षक सुंदर दीपक लगाएं. सभी दीपक डिजाइनर थे तथा उसमें बच्चों ने बत्ती के साथ पारदर्शी जेल भरा था ताकी डिजाइनर दीपकों के डिजाइन दिख सकें. इस शानदार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी इन्फेंट्री ले .जन. गजेंद्र जोशी की धर्मपत्नी रीता जोशी, स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर अतुल भाटिया की धर्मपत्नी मोनिका भाटिया, ब्रिगेडियर आनंद मनवाल की धर्मपत्नी मोनिका मनवाल, मेजर अजिंक्य सालुंके की धर्म पत्नी स्नेहल सालुंके थी. 89 वर्ष की वयोवृद्ध देविका पनवर ने भी बच्चों के साथ दीप जलाए. मुख्य अतिथि के रूप मे पार्थ इंडिया कम्पनी की डायरेक्टर श्रीमती संतोष अग्रवाल ने भी बच्चों के साथ दीप जलाए. अतिथियों के रूप में ही सेनेटरी सुपरीटेंडेंट मनीष अग्रवाल, ऑफिस सुपरीटेंडेंट सतीश अग्रवाल रोटरी क्लब का महू से शैलेंद्र शुक्ला, आशीष जैन, बिजली विभाग से विनोद प्रजापति, कुशवाहा सर उपस्थित रहे. साथ ही मुख्य अतिथि के रूप मे राजीव खनूजा शांति जामजूट उपस्थित रहीं. मुख्य आकर्षण का केंद्र लक्ष्मी माता रही. दिवयानी मिश्रा साक्षात लक्ष्मी जी के रूप में तैयार होकर आई. ढोलक की थापर सभी बच्चों ने और अतिथियों ने जोरदार नृत्य किया. ढोलक बजाने वाला भी स्पेशल बच्चा मेहुल बिष्ट था. सभी बच्चों को उपहार वह मिठाइयां वितरित की गई. बच्चों के लिए स्पेशल भोजन पार्टी भी रखी गई. संचालन निशा धीरज शर्मा ने किया. आभार हेम प्रभा चौधरी ने माना.

अब जब्त होंगे सड़क किनारे खड़े वाहन

महू. शहर के प्रमुख बाजारों में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए गुरुवार को छावनी परिषद में एक बैठक आयोजित की गई. लगातार जाम और सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है. अधिकारियों ने इस समस्या पर गहन विचार-विमर्श किया. निर्णय लिया गया कि शुक्रवार से सड़क किनारे खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को प्रशासन द्वारा जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी. इसके अतिरिक्त, शहर में बैरियर भी लगाए जाएंगे, जिससे चारपहिया वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित किया जा सके. सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक बाजारों में किसी भी चार पहिया वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. हालांकि, शाम के समय दूध वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा. बैठक में आर्मी के ब्रिगेडियर, एडम कमांडेंट महू, एसडीएम राकेश परमार, महू पुलिस, यातायात पुलिस और छावनी परिषद के अधिकारी मौजूद रहे.

परदेशीपुरा क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

इंदौर. दीपावली पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया. सहायक पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा, थाना प्रभारी आरडी कानवा और टू-आईसी दीपक जामोद के नेतृत्व में परदेशीपुरा थाने का बल पाटनीपुरा चौराहा, मालवा मिल, परदेशीपुरा चौराहा और कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र में पैदल भ्रमण पर निकला.

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को सड़क पर सामान न रखने की हिदायत दी और बिना नंबर की गाड़ियों पर कार्रवाई की. ग्राउंड में लगने वाली पटाखा दुकानों के संचालकों को सुरक्षा के सभी निर्देशों का पालन करने के लिए कहा. अधिकारियों ने दुकानदारों को रेत, बाल्टी, अग्निशमन उपकरण, पार्किंग व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे जैसी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

बैंक रिकवरी एजेंसी के नाम पर ठगे 32 लाख से अधिक

▶ ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

इंदौर. क्राइम ब्रांच की ईओडब्ल्यू टीम ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को बैंक की रिकवरी एजेंसी का सुपरवाइजर बताकर कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी की थी. आरोपी निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर लोगों से पैसे वसूलता था और बाद में रकम हड़प लेता था.

गिरफ्तार आरोपी 34 वर्षीय सुमेश शर्मा, निवासी स्कीम नंबर 78, इंदौर है. आरोपी ने खुद को आरबीएल बैंक और इंडू आईएनडी की रिकवरी एजेंसी का सुपरवाइज़र बताकर क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट रोटेशन और फंडिंग स्कीम के नाम पर निवेश कराने का झांसा दिया. शुरुआत में कुछ लोगों को मामूली लाभ देकर उनका विश्वास जीता, फिर लाखों रुपए वसूली कर फरार हो गया. आरोपी ने नकद, यूपीआई और क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के जरिए लगभग 32 लाख से अधिक की राशि अलग-अलग लोगों से वसूल की. रकम को उसने विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे किनसेन, धनहिंद, राजहवीर और जेवीएम पे आदि में ट्रांसफर किया. पीड़ितों में महेश यादव, दीपक यादव, प्रतीक जटाले, रानू सोलंकी और योगेन्द्र सिंह पूनिया शामिल हैं.

क्राईम ब्रांच की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया. प्रारंभिक पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह कुछ साथियों के साथ मिलकर यह ठगी करता था. आरोपी से मोबाइल, बैंक पासबुक, चेकबुक और फर्जी एजेंसी के दस्तावेज जब्त किए गए हैं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे पुलिस रिमांड पर लिया है. आरोपी से और भी ठगी के मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है. क्राइम ब्रांच इंदौर की ईओडब्ल्यू इन्वेस्टिगेशन टीम ने इस कार्रवाई में विशेष भूमिका निभाई.

एमवाय अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी धरने पर

▶ वेतन और एरियर न मिलने का कर रहे विरोध

इंदौर. दीपावली से पहले वेतन, एरियर और बोनस न मिलने से नाराज एमवाय अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी सुबह-सुबह धरने पर बैठ गए. उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रशासन पर आरोप लगाया कि समय पर भुगतान नहीं किया, जिसके कारण उनका त्योहार प्रभावित हो रहा है.

एमवाय अस्पताल परिसर में गुरुवार सुबह 9 बजे से ही आउटसोर्स कर्मचारी एकत्रित होना शुरू हो गए और 9.30 बजे तक उन्होंने धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी. कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें 10 अक्टूबर को वेतन और 15 अक्टूबर को एरियर/बोनस देने का वादा किया था, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ. कर्मचारियों का कहना था कि त्योहार के समय वेतन और बोनस का भुगतान न होने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है. उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और भुगतान की मांग की. अस्पताल प्रशासन ने फिलहाल कर्मचारियों के प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बनाए रखने और जल्द समाधान खोजने का आश्वासन दिया है.

डॉ. आम्बेडकर नगर से जयपुर के बीच विशेष ट्रेन

इंदौर. त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने डॉ. अंबेडकर नगर महू और जयपुर के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरों में चलाई जाएगी.

रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि जयपुर-डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल जयपुर से शुक्रवार से 31 अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रवाना होगी और शनिवार रात 1.30 बजे डॉ. अंबेडकर नगर पहुंचेगी. वापसी में डॉ. अंबेडकर नगर-जयपुर स्पेशल कल से 1 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार सुबह 5.20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन शाम 6.10 बजे जयपुर पहुंचेगी. ट्रेन का ठहराव रतलाम मंडल में चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम और इंदौर स्टेशनों पर रहेगा. यह विशेष ट्रेन एलएचबी कोच से संचालित होगी, जिसमें सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल होंगे. रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि ट्रेन से जुड़ी नवीनतम जानकारी के लिए रेल मदद ऐप या 139 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं.

महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी

इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सायकल वर्ल्ड शोरूम में काम करने वाली महिला कर्मचारी के साथ अश्लील हरकतें और धमकी देने का मामला सामने आया है. पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. 29 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह द सायकल वर्ल्ड शोरूम में अकाउंट्स और मैनेजमेंट का कार्य देखती है. उसका काम शहर के विभिन्न शोरूम्स में जाकर लेनदेन और रिकॉर्ड संभालने का होता है. इसी दौरान आरोपी अमजद और शुभम उसके आने-जाने के दौरान अश्लील इशारे करते, आंख मारते और अभद्र टिप्पणियां करते थे. पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी अमजद ने उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. परेशान होकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

परीक्षा से बचने प्राचार्या की मौत की झूठी खबर फैलाई

▶ होलकर कॉलेज का मामला

▶ अफवाह फैलाने वाले दो छात्र गिरफ्तार

इंदौर. शहर के प्रतिष्ठित होलकर विज्ञान महाविद्यालय में देर रात एक अफवाह ने हड़कंप मचा दिया. कॉलेज की प्राचार्या के आकस्मिक निधन की झूठी सूचना सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में कॉलेज के दो छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने व्हाट्सएप पर फर्जी संदेश बनाकर छात्रों के बीच फैलाया था.

भंवरकुआं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि मामला धारा 336(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है. पुलिस जांच में सामने आया कि बीसीए तृतीय सेमेस्टर, सेक्शन एम-18 के छात्र हिमांशु जायसवाल ने यह झूठी सूचना तैयार कर कॉलेज के विद्यार्थियों के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में भेजी. संदेश में लिखा था कि प्राचार्या का आकस्मिक निधन हो गया है, इसके चलते कॉलेज की ऑनलाइन सीसीई परीक्षा व सभी क्लासेस स्थगित कर दी गई हैं. जब कॉलेज प्रबंधन तक यह बात पहुंची, तो जांच में स्पष्ट हुआ कि खबर पूरी तरह कूटरचित और भ्रामक थी. पुलिस पूछताछ में हिमांशु ने बताया कि यह मैसेज उसे मयंक कछावा, जो उसी कक्षा का छात्र है और विजय नगर स्कीम नंबर 78 का निवासी है, ने व्हाट्सएप के जरिए भेजा था. इसके बाद दोनों छात्रों पर मामला दर्ज कर लिया गया. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने कहा कि इस तरह की फर्जी खबरें फैलाकर शासकीय कार्यों में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या इस प्रकरण में अन्य छात्र भी शामिल थे या नहीं.

समस्या ▶ बीमारियों की चपेट में आ रहे इंद्रा नगर बैक लाईन के रहवासी

गंदगी और बदबू से जीना दूभर हो गया लोगों का

इंदौर. अगर शहर में विकास कार्य और जन सुविधाओं की बात की जाए तो शहर के पुराने क्षेत्रों में यह अभी भी बरकरार हैं. पंचकुइया क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 6 के इंद्रा नगर में बैक लाईन के रहवासी गंदगी से बेहद परेशान हैं. यहां फैली गंदगी और बदबू के कारण क्षेत्रवासी विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं.

वार्ड 6 में इंद्रा नगर में मध्यम एवं मजदूर वर्ग के लोग निवास कर रहे हैं. तंग गलियों में घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में कई स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है. यहां की स्थिति देखकर लगता है कि सफाई कर्मी अपना कार्य ईमानदारी से नहीं कर रहे हैं. एक तो सफाईकर्मी लापरवाही बरत रहे हैं, वहीं क्षेत्रवासियों भी इस समस्या को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. कई लोग आज भी कचरा घरों के पीछे बैक लाईन में कचरा फेक रहे हैं. रात के अंधेरे में आसपास के दूसरे क्षेत्र के भी कुछ लोग यहां कचरा फेक जाते हैं. इतना ही नहीं, कई लोगों ने तो अपने घरों के सीवरेज पाईप को खुले में ही छोड़ रखा है, जिसकी गंदगी सडक़ पर बहती रहती है. इससे क्षेत्र के दूसरे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है. बताया जाता है कि लोग कई बार क्षेत्र के दरोगा और सफाईकर्मियों को कचरा उठाने के लिए कहते हैं, लेकिन वे किसी की नहीं सुनते.

यह बोले रहवासी...

यहां गंदगी पहले से ही है, उस पर सफाई कर्मी भी उसी जगह और कचरा डाल देते हैं. गीला कचरा ज्यादा हो जाने पर गंदगी सडक़ पर बहने लगती है. यहां दरवाज़ा लगा देना चाहिए.

- मोना सोलंकी

जिनके घरों के पीछे गली हैं, वह खुद ही उसमें कचरा फेंकते हैं, ऊपर से मोहल्ले में रहने वाले अन्य लोग भी कचरा फेंक जाते हैं. इस कारण गंदगी बढने से क्षेत्र में दुर्गन्ध फैलती है.

- अतुल पथरोड़

बरसात हो या घरों से निकलने वाला सीवरेज का पानी गंदगी बहकर सडक़ों पर आ जाती है. इससे आसपास के रहवासियों और राहगीरों को असुविधाएं उठानी पड़ती हैं, इस पर कोई ध्यान नहीं देता.

- अनीता मालवीय

लोगों से बात कर समस्या जल्द सुलझाएंगे : नियमित समय पर सफाई करवाते हैं. लोगों को भी जागरूक होना चाहिए.

लोगों को बैक लाइन में कचरा नहीं फेंकना चाहिए. मोहल्लेवासियों से बात कर जल्द समस्या का निराकरण करवाएंगे. गलियों पर दरवाजे भी लगवाएंगे.

- संध्या यादव, पार्षद